भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नरों के नाम और उनके कार्यकाल की सूची 1935 से 2018 तक

भारतीय रिजर्व बैंक:

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भारत का केन्द्रीय बैंक है। यह भारत के सभी के बैंकों संचालक के रूप में कार्य करता है। रिजर्व बैक भारत की अर्थव्यवस्था को नियन्त्रित करता है। वर्तमान में आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास है। शक्तिकांत दास आरबीआई के 25वें गवर्नर है और रिजर्व बैंक के गवर्नर पद पर उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए की गई है। उन्होनें 11 दिसम्बर 2018 को उर्जित पटेल का स्थान लिया है। उर्जित पटेल 04 सितम्बर 2016 से 10 दिसम्बर 2018 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में कार्यरत रहे थे।

भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 के प्रावधानों के अनुसार 01 अप्रैल 1935 को हुई थी।

रिज़र्व बैंक का केन्द्रीय कार्यालय प्रारम्भ में कलकत्ता में स्थापित किया गया था जिसे 1937 में स्थायी रूप से बम्बई में स्थानान्तरित कर दिया गया। केन्द्रीय कार्यालय वह कार्यालय है जहाँ गवर्नर बैठते हैं और नीतियाँ निर्धारित की जाती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ब्रिटिश राज के दौरान प्रारम्भ में निजी स्वामित्व वाला बैंक हुआ करता था, परन्तु स्वतन्त्र भारत में 01 जनवरी 1949 में इसका राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। उसके बाद से इस पर भारत सरकार का पूर्ण स्वामित्व है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा किये जाने वाले प्रमुख कार्य:

भारतीय रिज़र्व बैंक की प्रस्तावना में बैंक के मूल कार्य इस प्रकार वर्णित किये गये हैं:

- “बैंक नोटों के निर्गम को नियन्त्रित करना, भारत में मौद्रिक स्थायित्व प्राप्त करने की दृष्टि से प्रारक्षित निधि रखना और सामान्यत: देश के हित में मुद्रा व ऋण प्रणाली परिचालित करना।”
- मौद्रिक नीति तैयार करना, उसका कार्यान्वयन और निगरानी करना।
- वित्तीय प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण करना।
- विदेशी मुद्रा का प्रबन्धन करना।
- मुद्रा जारी करना, उसका विनिमय करना और परिचालन योग्य न रहने पर उन्हें नष्ट करना।
- सरकार का बैंकर और बैंकों का बैंकर के रूप में काम करना।
- साख नियन्त्रित करना।

- मुद्रा के लेन देन को नियंत्रित करना।

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नरों की सूची:

आरबीआई गवर्नरों के नाम	**कब से**	**कब तक**
सर ओसबोर्न	01 अप्रैल 1935	30 जून 1937
सर जेम्स ब्रेड टेलर	01 जुलाई 1937	17 फरवरी 1943
सर सी. डी. देशमुख	11 अगस्त 1943	30 जून 1949
सर बेनेगल रामा राव	01 जुलाई 1949	14 जनवरी 1957
के. जी. अम्बेगाओंकर	14 जनवरी 1957	28 फरवरी 1957
एच. वी. आर. आयंगर	01 मार्च 1957	28 फरवरी 1962
पी. सी. भट्टाचार्य	01 मार्च 1962	30 जून 1967
एल. के. झा	01 जुलाई 1967	03 मई 1970
बी. एन. आदरकार	04 मई 1970	15 जून 1970
एस. जगन्नाथन	16 जून 1970	19 मई 1975
एन. सी. सेनगुप्ता	19 मई 1975	19 अगस्त 1975
के. आर. पुरी	20 अगस्त 1975	02 मई 1977
एम. नरसिम्हन	03 मई 1977	30 नवम्बर 1977
डॉ. आई. जी. पटेल	01 दिसम्बर 1977	15 सितम्बर 1982
डॉ. मनमोहन सिंह	16 सितम्बर 1982	14 जनवरी 1985
ऐ. घोष	15 जनवरी 1985	04 फरवरी 1985
आर. एन. मल्होत्रा	04 फरवरी 1985	22 दिसम्बर 1990
एस. वेंकटरमनन	22 दिसम्बर 1990	21 दिसम्बर 1992
सी. रंगराजन	22 दिसम्बर 1992	21 नवम्बर 1997
डॉ. बिमल जालान	22 नवम्बर 1997	06 सितम्बर 2003
डॉ. वॉय. वी. रेड्डी	06 सितम्बर 2003	05 सितम्बर 2008
डी. सुब्बाराव	05 सितम्बर 2008	04 सितम्बर 2013
रघुराम राजन	05 सितम्बर 2013	04 सितम्बर 2016
उर्जित पटेल	04 सितम्बर 2016	10 दिसम्बर 2018
शक्तिकांत दास	11 दिसम्बर 2018	-